# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## Extension Lecture on "Professional Ethics"

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 07-04-2022**

# मां बच्चे की पहली शिक्षक : डॉ. फोगाट

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में व्यवसायिक नैतिकता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ द्वारा आयोजित व्याख्यान में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, चंडीगढ़ के सह-आचार्य डॉ. विजय फोगाट विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।



प्रतिभागियों को संबोधित करते डॉ. विजय फोगाट। संवाद

आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव, आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने विशेषज्ञ वक्ता व सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। तत्पश्चात शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. विजय फोगाट ने व्यवसायिक नैतिकता पर व्याख्यान देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि मां बच्चे की पहली शिक्षक होती है। उन्होंने उदाहरण के माध्यम से बताया कि क्यों एक शिक्षक के लिए नैतिकता आवश्यक है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 07-04-2022**

**व्याख्यान** • हकेंवि में व्यवसायिक नैतिकता पर विशेषज्ञ व्याख्यान का हुआ आयोजन

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का अहम योगदान...

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़



हकेंवि, महेंद्रगढ़ में व्यवसायिक नैतिकता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ द्वारा आयोजित इस व्याख्यान में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, चंडीगढ़ के सह-आचार्य डॉ. विजय फोगाट विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव, आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने विशेषज्ञ वक्ता व सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। तत्पश्चात शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. विजय फोगाट ने व्यवसायिक नैतिकता पर व्याख्यान देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि बच्चे की पहली शिक्षक मां होती है। उन्होंने कहा कि पेशे का एक लाइसेंस होता है और नियम या नैतिकता तोड़ने पर लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों में पेशेवर और नैतिक चेतना तथा उनकी नैतिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाने पर जोर दिया। व्याख्यान के दौरान सवाल-जवाब सत्र का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा पीठ के विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 07-04-2022**

## हकेंवि में व्यवसायिक नैतिकता पर व्याख्यान

संस, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में व्यवसायिक नैतिकता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ द्वारा आयोजित इस व्याख्यान में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, चंडीगढ़ के सह-आचार्य डा. विजय फोगाट विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव, आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने विशेषज्ञ वक्ता व सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 07-04-2022**


# हकेंवि में व्यावसायिक नैतिकता पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

महेंद्रगढ़, 6 अप्रैल (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में व्यावसायिक नैतिकता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ द्वारा आयोजित इस व्याख्यान में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, चंडीगढ़ के सह-आचार्य डॉ. विजय फोगाट विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव, आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने विशेषज्ञ वक्ता व सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। तत्पश्चात शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया।



हकेंवि में आयोजित व्याख्यान में विशेषज्ञ के साथ कुलसचिव व अन्य शिक्षक।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. विजय फोगाट ने व्यावसायिक नैतिकता पर व्याख्यान देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि मां बच्चे की पहली शिक्षक होती है। उन्होंने उदाहरण के माध्यम से बताया कि क्यों एक शिक्षक के लिए नैतिकता आवश्यक है। उन्होंने व्यवसायिक नैतिकता पर विस्तार से चर्चा की और शिक्षण क्षेत्र के विभिन्न मानकों व मानदंडों से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। डॉ. फोगाट ने बताया कि हर पेशे का एक लाइसैंस होता है और नियम या नैतिकता तोड़ने पर लाइसैंस रद्द किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों में पेशेवर और नैतिक चेतना तथा उनकी नैतिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाने पर जोर दिया।

व्याख्यान के दौरान सवाल-जवाब सत्र का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए प्रो. प्रमोद कुमार ने कहा कि निश्चित ही इस व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम में शिक्षा पीठ के विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।